★ **कोरोना वायरस के प्रसार को दूसरे-तीसरे चरण में कैसे रोक सकते हैं?** :-

☞ कोरोना से प्रभावित देशों से आने वाले व्यक्ति में बीमारी के लक्षण का प्रवाह किये बगैर 14 दिनों तक पृथक (आइसोलेट) करके रखकर।

☞ अगर कोई व्यक्ति कोरोना से संक्रमित पाया जाता है तो उसके सम्पर्क में आने वाले व्यक्तियों को भी 14 दिनों तक निगरानी में रखकर।

☞ ज्यादातर स्कूलों, कॉलेजों, सभागार में होने वाले कार्यक्रमों, स्टेडियमों में आयोजित किये जाने वाले खेलों, मेलों के आयोजन, धरना-प्रदर्शन, रैलियों तथा इसी प्रकार के सार्वजनिक भीड़ जुटाव वाले कार्यक्रमों को कुछ समय के लिए स्थगित कर। अर्थात् स्कूलों और कॉलेजों को कुछ समय के लिए बंद कर, धरना-प्रदर्शन और रैलियों पर कुछ समय के लिए रोक लगाकर, सभागारों में आयोजित किये जाने वाले संगोष्ठियों को कुछ समय के लिए स्थगित कर, स्टेडियमों में खेले जाने वाले कुछ समय के लिए रद्द कर, मेलों के आयोजन को कुछ समय के लिए प्रबंधित कर, इत्यादि।

☞ आम जनता में हांथों की सफाई के अहमियत तथा श्वास संबंधी बीमारियों की भयावता के बारे में जानकारी देकर जागरूकता पैदा करे।

☞ ढ़ाचागत् व्यवस्था जैसे टेस्टिंग लैब की सुविधा प्रदान कर, आइयोलेटेड बेड की सुविधा प्रदान कर, संक्रमित लोगों को कड़ी निगरानी में रखने का व्यवस्था कर तथा इसी तरह की विभिन्न स्तरों पर अन्य तरह की तैयारी कर।

कोरोना वायरस से किस मरीज को कितना खतरा	
रोग	मृत्यु दर
निरोग	0.01%
कैंसर	4.8%
हाइपरटेंशन	5.6%
सांस संबधी रोग	6.0%
डायबिटिज	7.5%
हृदय रोग	10.0%

☆ **कोरोना वायरस कितना खतरनाक, अंदाजा लगाना मुश्किल** :- अन्य वायरसों की तरह कोरोना वायरस भी एक-दूसरे में छूत से फैलता है। अर्थात् हवा, पानी और स्पर्श से वायरस फैलते चले जाते हैं। इसलिए रोग फैलने की दृष्टि से वायरस बड़े खतरनाक होते हैं। किन्तु कोरोना वायरस की सबसे बड़ी खराबी है कि यह बहुत तेजी से फैलता है। यह वायरस इतना खतरनाक है कि वैज्ञानिक इसका अंदाजा नहीं लगा पा रहे हैं। इसके निम्नलिखित कारण हैं:-

☞ वायरस संक्रमित इलाके में जाने या वायरस से संक्रमित लोगों के सम्पर्क में आये बगैर भी कोरोना फैल रहा है। मसलन, अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में एक ऐसा व्यक्ति संक्रमित पाया गया है, जिसने किसी संक्रमित इलाके का दौरा नहीं किया था। यहां तक की ऐसे किसी जगह से आये व्यक्ति के सम्पर्क में नहीं आया था।

☞ चीन में 20 वर्षीय एक युवती का मामला वाकई इस रोग की भयावहता को दर्शाता है। उसने वुहान से 700 किलोमीटर दूर की यात्रा की और उसके सम्पर्क में आये उसके पांच रिश्तेदार संक्रमित हो गये। आश्चर्य की बात है कि इन पांच लोगों में कोरोना वायरस के लक्षण दिखे, मगर उस युवती में कोरोना के लक्षण का पता लगाने में एक सप्ताह का समय लग गया। इसका मतलब है कि कोरोना वायरस विशेष लक्षण दिखे बिना एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में पहुंच जाता है।

☞ जापान के ओसाका में एक विशेष पंथ को मानने वाले ईसाई समुदाय के लोगों को कोरोना वायरस ने जकड़ लिया है। शिनचोनजी चर्च ऑफ जीसस में जाने वाले करीब 1300 लोग अब तक कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके हैं। इस समुदाय के प्रार्थना स्थल पर शामिल प्रार्थना सभा में शामिल होने वाले लोग बड़ी संख्या में कोरोना वायरस से संक्रमित हो गये हैं। अगर अब उस जगह पर विशेष सावधानी नहीं बरती गई तो यह वायरस कई हजार लोगों को संक्रमित कर सकता है, क्योंकि इस पंथ के 2 लाख 12 हजार सदस्य हैं।

☞ जापान के ओसाका में 40 वर्षीय बस गाईड महिला ने फरवरी में कोरोना से संक्रमित होने के बाद इलाज करवाया था, लेकिन ठीक होने के तीन सप्ताह बाद मार्च में फिर उसमें संक्रमण की पुष्टि हुई है। चीन के बाहर किसी व्यक्ति में दो बार संक्रमण का यह पहला मामला है। इससे स्पष्ट है कि इलाज के बाद ठीक होने पर भी कोई व्यक्ति दोबारा कोरोना वायरस से संक्रमित हो सकता है। ऐसा इसलिए की यह वायरस शिथिल अवस्था में शरीर में रहता है, जो इलाज के बाद दोबारा सक्रिय हो सकता है।

☞ भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में महामारी विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ० भोजराज सिंह कहते हैं कि कोरोना वायरस संक्रमण के बाद खुद के रूप को बदलने की अद्भुत क्षमता है। दरअसल, कोरोना वायरस का जीनोम छः जीन का बना होता है। जब कोई संक्रमण कोशिका में पहुंचता है और उसकी जाती का कोई दूसरा संक्रमण वहां पहले से ही मौजूद हो तो दोनो के जीन मिलकर जानलेवा बन जाते हैं, भले ही यह प्रक्रिया प्राकृतिक है। पर, वे इसी क्षमता के कारण महामारी स्ट्रेन विकसित करने में कामयाब हो जाते हैं।

☞ चीन में एक कुत्ते में भी कोरोना संक्रमण की बात सुनने में आयी है। अब तक सुना जाता था कि यह जूनोटिक मनुष्य से पशु में फैलने वाला नहीं है, पर कुत्ते में इस वायरस का मिलना संकेत देता है कि कोरोना जुनोटिक है। ऐसे में वैज्ञानिक यह आशंका जता रहे हैं कि यदि कोरोना संक्रमण कुत्ते में फैल गया है तो दूसरे जानवरों में भी फैल सकता है।

☆ **पुरूषों में कोरोना से संक्रमण का खतरा महिलाओं से ज्यादा है** :- चीन के जिन्यिन्तान हॉस्पीटल की डॉक्टर ली झान ने दावा किया है कि कोरोना वायरस से महिलाओं को कम नुकसान पहुंचता है, जबकि पुरूषों पर यह ज्यादा बुरा प्रभाव डालता है। दुनियां भर में कोरोना वायरस फैलने के केन्द्र चीन के वुहान शहर में वैज्ञानिकों की शोध में दावा किया गया है कि यह वायरस महिलाओं की तुलना में पुरूषों के लिए ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा है। वैज्ञानिकों ने माना है कि महिलाओं में संक्रमणरोधी क्षमता पुरूषों के मुकाबले ज्यादा है, जो संक्रमण से बचाव का मुख्य कारण है। वैज्ञानिकों का कहना है कि एक्स क्रोमोजोम और सेक्स हार्मोन की वजह से महिलाओं में रोग प्रतिरोध क क्षमता ज्यादा होती है।

चीन में कोरोना को फैलने से रोकने में अपनाये गये तौर तरीकों से महिलाओं में गहरा आक्रोश है, क्योंकि कुछ डॉक्टरों ने महिलाओं की पीरियड्स (महावारी) को टालने के लिए उन्हे गर्भ निरोधक दवाएं दे रहे हैं। ऐसे चीनी प्रशासन के निर्देश पर किया जा रहा है। महावारी टालने से महिलाओं की सेहत पर विपरित असर पड़ रहा है। पीरियड्स संबंधित प्रोडक्ट्स खासकर दवाएं न मिलने से उन्हें सिर मुंडवाने जैसी समस्याओं से जुझना पड़ रहा है।

☆ **ऐसे संक्रमित हो रहे हैं इंसान**

:- कोरोना परिवार के वायरस से सर्दी, जुकाम जैसे छोटे-मोटे रोग होते हैं और इसी परिवार के सदस्यों से मर्स और सार्स जैसे गंभीर महामारी भी फैलती है। चीन में हुवई प्रांत के वुहान शहर में दिसम्बर 2019 में पहली बार सामने आया कोरोना वायरस का नया स्ट्रेन इस परिवार का सातवां नया वायरस है। संक्रमण के बाद यह वायरस इंसान की जीवित कोशिका के अंदर प्रवेश कर जाता है और विभाजित होते रहता है। अर्थात् यह वायरस केवल जीवित कोशिका में प्रजनन (ब्रीडिंग) कर सकता है। इंसान के सम्पर्क में आने पर यह मानव कोशिका की झिल्ली (मेमब्रेन) के रिसेप्टर से जुड़ने के लिए यह वायरस लंबे एस प्रोटीनका इस्तेमाल करता है। ऐसे मिलन से कोशिका (सेल) भ्रमित होती है, यह कोई खतरा नहीं है। लिहाजा, वायरस कोशिका में प्रवेश कर जाता है। वैसे वायरस के कोशिका में प्रवेश की सटीक प्रणाली अभी ज्ञात नहीं है। फिर भी दो प्रक्रियाएं होती है-पहला इंडोसाइटोसिस प्रक्रिया के तहत कोशिका वायरस को निगल जाती है और दूसरा मानव कोशिका से जुड़ने के बाद वायरस कोशिका के द्रव्य में अपने जेनेटिक तत्व छोड़ता है। कोशिका द्रव्य में वायरस द्वारा छोड़े जाने वाला यह एकल कुंडलित आरएनए (राइबोन्यूक्लिक एसिड) होता है। वायरस कोशिका को हाइजेक कर लेता है और अपने जेनेटिक तत्व का प्रजनन शुरू कर देता है। यह एक कोशिका से दूसरी कोशिका में छिद्र करके चला जाता है और नई कोशिका में प्रवेश करते ही प्रजनन शुरू कर देता है। इस तरह प्रजनन-गुणन (ब्रीडिंग मल्टिप्लीकेशन) के चलते वायरस कर संख्या में अचानक वृद्धि हो जाती है।

कोरोना वायरस से किस लिंग को कितना खतरा

लिंग	-	मृत्यु दर
महिला	-	1.7%
पुरूष	-	2.8%

★ **लैब टेस्ट से ही कोरोना से संक्रमित होने की पुष्टि होती है** :- हमारे देश में कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि के लिए कोई टेस्ट कीट उपलब्ध नहीं है। इसलिए लैब टेस्टिंग से ही इससे संक्रमित होने की पुष्टि की जा सकती है। इसके लिए अस्पताल के टेस्टिंग लैब में कई तरह के करने के बाद नतीजे निकाले जाते हैं। टेस्टिंग लैब में निम्नलिखित टेस्ट किये जाते हैं:-

☞ **स्वाब टेस्ट** :- इस टेस्ट में कॉटन स्वाब (रूई का फाहा) की मदद से गले तथा नाक के अंदर से तरल पदार्थ को निकाल कर टेस्ट किया जाता है।

☞ **नेजल एरिपटेट** :- इस टेस्ट में वायरस की जांच करने वाला टेक्निशियन पहले व्यक्ति के नाक में एक तरह का घोल डालने के बाद सैम्पल कलेक्ट करता है और तब उस सैम्पल की जांच की जाती है।

☞ **ट्रेशल एरिपटेट** :- इस टेस्ट में ब्रोंकोस्कोप नामक एक पतला ट्यूब व्यक्ति के फेफड़े में डालकर वहां से सेम्पल लेकर उसकी जांच की जाती है।

☞ **सप्टम टेस्ट** :- इस टेस्ट में फेफड़े में जमा पदार्थ या नाक से कॉटन स्वाब की मदद से निकाले जाने वाले सैम्पल की जांच की जाती है।

☞ **ब्लड टेस्ट** :- खून की जांच द्वारा भी कोरोना वायरस की संक्रमण का पता लगाया जाता है।

इस तरह से सभी सैम्पल को जुटाने के बाद वायरस के हिसाब से उसका विश्लेषण किया जाता है। कोरोना के सभी वेरिएंट के लिए इनका ब्लैंकेट टेस्ट किया जाता है। फिलहाल हमारे देश में 66 टेस्टिंग लैब है और प्रत्येक में रोजाना 90 सैम्पल टेस्ट किये जा सकते हैं। इस तरह रोजाना हमारा कुल 5940 टेस्ट किये जा सकते हैं।

★ **किन लोगों का टेस्ट किया जाना चाहिए?** :-

☞ अगर आपके आसपास पांच सौ मीटर के दायरे में कोरोना से संक्रमित किसी व्यक्ति की पुष्टि हुई है। लेकिन, आप कभी भी उसके सम्पर्क में नहीं रहे हैं तो आपको टेस्ट करवाने की जरूरत नहीं है। परन्तु, सतर्क रहने की जरूरत जरूर है।

☞ यदि आप किसी कोरोना प्रभावित देश की यात्रा करके लौटे हैं तो आपको सावधानी बरतने की जरूरत है, लेकिन तसल्ली के लिए एक बार टेस्ट जरूर करवा लें।

☞ भारत में कोरोना से संक्रमित कई व्यक्ति पाये गये हैं। लेकिन घबराइए नहीं, खुद को 14 दिन निगरानी में रखें। टेस्ट की जरूरत नहीं भी पड़ सकती है।

☞ अंजाने में आप किसी संक्रमित व्यक्ति के सम्पर्क में रहे हैं तो घबराइए नहीं, सबसे पहले घर के किसी कोने में अपने आप को आइसोलेट (अलग-थलग) करके 14 दिनों तक रहे और निरीक्षण करे। अगर आप में कोरोना का लक्षण दिखे तो टेस्ट जरूर करावें। परन्तु अलग-थलग रहने के दौरान सर्दी, जुकाम और बुखार होता है तो तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क करे और उनके निर्देशानुसार टेस्ट करवाये, नजरअंदाज हरगिज न करे।

★ **कोरोना से जुड़ी भ्रांतिया** :-

☞ यह ठीक नहीं है कि कुत्ता पालने तथा पाले हुए कुत्ता के सम्पर्क में रहने से कोरोना का संक्रमण हो जाता है। अगर ऐसा होता तो कोई व्यक्ति कुत्ता पालता ही नहीं, जबकि लोग कुत्ता बड़े शान से पालते हैं। दरअसल, कुत्ता पालने वाले अपने आप को समझते हैं कि कुत्ता पालना सोशल स्टेटस का ऐसा पहलू है कि उनको समाज में बड़े सम्मान से देखा जाता है। भले ही इंसान के प्रति उनके मन में कोई आदर प्रेम न हो। समाज में ऐसे मुंह मियां मिठ्ठू की कोई कमी नहीं है। लेकिन कुत्ता पालने वाले को विशेष सावधानी जरूर बरतनी चाहिए और कुत्ते के लार से यथासंभव बचने का अधिकाधिक प्रयास करना चाहिए। वैसे तो बिल्ली, बंदर आदि जानवरों के काटने से भी आदमी संक्रमित हो जाता है। खासकर, रैबीज के वायरस 95-97% कुत्तों में पाये जाते हैं। विशेषकर रैबीजग्रस्त कुत्ता के काटने या चाटने से इंसान को रैबीज की बीमारी हो जाती है और आदमी की एक महीने के अंदर मौत हो जाती है, जो बेहद दर्दनाक होती है। इसलिए कुत्ता पालने वाले व्यक्ति को हर साल अपने कुत्ते को एंटीरैबीज टीका दिलवाते रहना चाहिए।

☞ अगर किसी व्यक्ति को सर्दी, खांसी और बुखार हुए चार-पांच दिन हो गया है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह व्यक्ति कोरोना से संक्रमित हो गया है। ख्याल रहे समान्य सर्दी, जुकाम से पीड़ित आदमी को दो से तीन दिन में ठीक हो जाता है और फ्लू से पीड़ित आदमी चार दिन में ठीक हो जाता है। कोरोना की जांच की जरूरत तभी होती है, जब कोई व्यक्ति विदेश से लौटा हो

या कोरोना संक्रमित व्यक्ति के सम्पर्क में आया हो तो ऐसे व्यक्ति को अलग कमरे में 14 दिनों तक निगरानी में रखनी चाहिए। वैसे चार-पांच दिन से सर्दी-जुकाम और बुखार से पीड़ित व्यक्ति के इलाज हेतु डॉक्टर से जरूर सम्पर्क करना चाहिए और तसल्ली के लिए कोरोना से संक्रमण को टेस्ट करा लेना चाहिए कि वह व्यक्ति कोरोना वायरस से संक्रमित है या नहीं। याद रहे कोरोना वायरस के प्रति जागरूकता और बचाव ही एकमात्र इलाज है।

☞ कोरोना वायरस किसी भी वातावरण में फैल सकता है, जरूरी नहीं है कि गर्म और उमस भरा वातावरण हो, लेकिन 7 से 17 डिग्री सेल्सियस तापमान वाला वातावरण कोरोना वायरस को पनपने के लिए मुफिद होता है।

☞ यह धारणा गलत है कि कोरोना मच्छर के काटने से फैलता है। कोरोना वायरस हवा में तैरते संक्रमित व्यक्ति के थूक की नन्ही-नन्ही बुंदकियों (ड्रॉपप्लेट्स) से फैलता है, इसलिए किसी कोरोना संक्रमित व्यक्ति के खांसने तथा छिकते समय सामने वाले स्वस्थ व्यक्ति को उससे चार मीटर की दूरी बना लेनी चाहिए।

☞ यह धारणा गलत है कि थर्मल स्कैनर से कोरोना संक्रमित व्यक्ति की पहचान हो जाती है। थर्मल स्कैनर से फायदा यही होता है कि व्यक्ति के शरीर के बढ़े हुए तापमान का बगैर उसके छुए ही पता चल जाता है। कोरोना के जांच के बाद ही पता चलेगा कि कोई व्यक्ति संक्रमित है या नहीं।

☞ यह धारणा गलत है कि निमोनिया के वैक्सिन से कोरोना संक्रमित व्यक्ति का इलाज किया जा सकता है। न्यूमोकोकल वैक्सिन और हीमोफिलस इनफ्लूएंजा टाइप बी वैक्सिन से कोरोना का इलाज नहीं हो सकता है। कोरोना वायरस पूरी तरह से अलग है। अभी तक इसकी दवा नहीं खोजी जा सकी है।

☞ यह धारणा गलत है कि एंटी बायोटिक्स दवा के सेवन से कोरोना ठीक हो जाता है। दरअसल, कोरोना वायरस पर एंटी बायोटिक्स दवा का कोई असर नहीं होता है, इसलिए कोरोना के मरीज को एंटी बायोटिक्स नहीं देना चाहिए।

★ **कोरोना के खिलाफ बहुत ही कारगर लगाम है, हांथों की सफाई** :- अच्छी सेहत के लिए स्वच्छ और पौष्टिक भोजन जरूरी माना गया है, लेकिन भोजन का स्वच्छ और पौष्टिक होना तब बेइमानी हो जाता है, जब हांथ स्वच्छ न हो। अधिकतर लोग हांथों की सफाई पर ध्यान नहीं देते हैं, जबकि काम करते समय हांथ ही सबसे अधिक सक्रिय रहते हैं। इसलिए हांथ ही सबसे अधिक जीवाणु (वैक्टेरिया), विषाणु (वायरस), किटाणु (वर्मस) और रोगाणु (जर्मस) के सम्पर्क में आते हैं। विभिन्न प्रकार की बीमारियों के संक्रमण में हांथ की भूमिका बहुत ही अहम है। गंदे हांथ में चिपके जीवाणु, विषाणु, किटाणु और रोगाणु समान्यतया खाते समय, नाक पोछते समय और आंख मलते समय हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे में सर्दी, जुकाम और फ्लू जैसी बीमारियों के साथ-साथ कोरोना वायरस भी आसानी से व्यक्ति को अपने चपेट में ले लेता है। बच्चों में निमोनिया और डायरिया जैसी खतरनाक बीमारियां भी गंदे हांथ की वजह से सबसे अधिक होती है। सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के मुताबिक सही तरीके से हांथ नहीं धोने के कारण 50% बीमारियां होती है। डॉक्टर चाहे कितना भी रगड़कर औषधि युक्त हैंडवाश या अल्कोहल आधारित सेनिटाइजर से हांथ धोए, लेकिन पूरे बैक्टेरिया कभी भी नष्ट नहीं होते हैं। दरअसल, हांथों को पूरी तरह से स्टरलाइज्ड करना संभव नहीं है, इसलिए डॉक्टर ऑपरेशन के पहले हांथों पर अल्कोहल आधारित सेनेटाइजर को लगाने के बाद स्टरलाइज्ड सर्जिकल दस्ताने पहनते हैं। कोशिश यही रहती है कि कम से कम संक्रमण मरीज तक पहुंचे। खासकर, बच्चे खाने के पहले हांथ न धोने की गलती अधिक करते हैं। जबकि स्कूलों में खेल के दौरान सबसे अधिक बच्चों के हांथ ही गंदे होते हैं, इसलिए बच्चे ही सबसे अधिक सर्दी, जुकाम, निमोनिया, फ्लू, डायरिया, जॉण्डिस (पीलिया), उल्टी, भूख की कमी, वर्म (पेट के कीड़े) आदि बीमारियों के शिकार होते हैं। इसके दो कारण हैं-पहला खेलने के बाद बच्चे अक्सर बगैर हांथ धोए ही खाना खाने या नाश्ता करने बैठ जाते हैं तथा यदा-कदा कुछ-कुछ खाते रहते हैं, खासकर ठंड के मौसम में। ठंड के मौसम में बच्चे तो

कोरोना वायरस से 12 मार्च 2020 तक किस देश में कितना असर

देश	संक्रमित	मौत
चीन	80793	3169
इटली	12642	827
ईरान	10075	429
दक्षिण कोरिया	7869	66
स्पेन	2277	55
फ्रांस	2281	48
अमेरिका	1281	38
जापान	1335	17
ब्रिटेन	456	08
भारत	76	01

बच्चे, बड़े भी भोजन करने के पहले हांथ धोने से कतराते हैं। दूसरा, बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। एक सर्वेक्षण से पता चला है कि स्कूलों में बच्चों की गैरहाजिरी की सबसे बड़ी वजह वे बीमारियां हैं जो उचित समय पर यानि शौच के बाद, खेलकर आने के बाद और भोजन करने के पहले हांथ नहीं धोने के कारण होती है।

दुनियांभर के तमता डॉक्टरों का मानना है कि औषधि युक्त हैंडवाश से हांथ धोकर भोजन करने से 50% तक पेट की बीमारियों से निजात मिल जाती है। अच्छी तरह से हांथ धोकर भोजन करके मामूली सर्दी-जुकाम से लेकर खतरनाक बुखार और अन्य कई बीमारियों से बचा जा सकता है। हांथ साफ रखने यानि उचित समय पर हांथ धोने से जलजनित मौतें 35% कम हो जाती है। लंदन में हुए एक रिर्सच में अनुमान लगाया गया है कि यदि सभी लोग उचित समय पर हांथ ध ोने लगे तो हर साल लाखों लोगों को मरने से बचाया जा सकता है। इसलिए सबों को, खासकर बच्चों को हांथ धोकर भोजन या नाश्ता या कुछ खाने की आदत डालना चाहिए, क्योंकि गली-कुची कही भी खेलने के कारण बच्चों के हांथ सबसे अधिक गंदे होते हैं। ऐसा इसलिए की शौच के बाद और भोजन करने के पहले अच्छे तरह से हांथ धोना ढ़ेर सारी बीमारियों से बचने का रक्षा कवच है। सिर्फ उचित समय पर हांथ धोने से ही हम समान्य सर्दी-जुकाम से लेकर दिमागी बुखार इनसेफलाइटिश, इनफ्लूएंजा और संक्रामक दस्त से बच सकते हैं। यूनिसेफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि शौच के बाद सही तरीके से हांथ धोने से डायरिया का खतरा 40% और स्वास्थ संबंधी बीमारियों का खतरा 30% कम हो जाते हैं, इसलिए उचित समय पर हांथ धोने की अहमियत को नजरअंदाज न करे। उचित समय पर हांथों की सफाई पर लगाये गये 15-20 सेकेंड्स आपको और आपके बच्चों को डॉक्टरों के पास चक्कर लगाने से बचा सकते हैं। इसलिए हर कोई, हर रोज उचित समय पर हांथ धोने की आदत को जीवनशैली को शामिल करे।

एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में वायरस और बैक्टेरिया फैलने का सबसे बड़ा कारण गंदे हांथ मिलाना है। न जाने दिनभर हम कई ऐसी वस्तुओं को छुते हैं, खासकर सार्वजनिक स्थलों पर फिर चाहे बस स्टैंड हो, रेलवे स्टेशन हो, हवाई अड्डा हो या सिनेमा हॉल। इसमें एक व्यक्ति से वायरस या बैक्टेरिया उस वस्तु में चिपक जाते हैं, जिस वस्तु को हम छुते हैं। जब जितने लोग उस वस्तु को छूएंगे तो उनके हांथ उन वायरसों और बैक्टेरिया के सम्पर्क में आ जाते हैं। हाल ही में एमआईटी (अमेरिका) द्वारा किये गये एक रिर्सच से खुलासा हुआ कि सिर्फ 20% लोग ही एयरपोर्ट पर हांथ धोते हैं, जबकि दुनियांभर के एयरपोर्ट विभिन्न देशों के यात्रियों से खचाखच भरा रहता है। अब मान लीजिए की कोई कोरोना वायरस से संक्रमित या किसी अन्य बीमारी से संक्रमित है और वह एयरपोर्ट पर या हवाई जहाज के अंदर खांसता है या छिकता है, फिर अपने मुंह को ढ़कने के लिए रूमाल या टिसू पेपर का इस्तेमाल करता है और फिर उसी हांथ से न जाने कितनी वस्तुओं को छूता है तो अन्य व्यक्ति उस दुषित वस्तुओं के सम्पर्क में आ जाते हैं, जो लाजिमी है। ऐसे में वह व्यक्ति भी वस्तु पर चिपके वायरस और बैक्टेरिया के चपेट में आ जायेगा। बहुत ही तेजी से फैलने वाले कोरोना वायरस का विस्तार पूरी दुनियां में हांथ की सफाई का नजरअंदाज करने से हुआ है, गंदे हांथ मिलाने के कारण हुआ है। जो आम तौरपर दुनियां भर के एयरपोर्ट पर देखने को मिलता है। इसलिए हमारी जो अभिवादन की भारतीय संस्कृति है, उसे दुनियां भर के सभी व्यक्तियों को अपनाना चाहिए। अब अपनाना शुरू भी कर दिया गया है। इसलिए किसी से मिले तो हांथ मिलाने के बजाये दोनो हांथ जोड़कर नमस्ते करे। कोरोना के डर से सुपर पावर अमेरिका का सबसे शक्तिशाली व्यक्ति डोनाल्ड ट्रंप भी अब हांथ मिलाने से परहेज कर लिये हैं और अभिवादन करने का भारतीय तरीका नमस्ते को अपना लिये हैं, यह है भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठता।

विश्व स्वास्थ संगठन ने हांथों की अच्छी सफाई के लिए अल्कोहल आधारित सैनिटाइजर को मुफीद बताया है। इसके क्या कारण है, मुझे पता नहीं। पर मेरे देखे ऐसा लगता है कि ऐसे सैनिटाइजर का इस्तेमाल करने पर पानी की जरूरत नहीं पड़ती है, क्योंकि सैनिटाइजर लगाते ही हांथ सूख जाते हैं। वैसे भी बेतहाशा बढ़ी हुई आबादी के चलते पूरी दुनियां में आज पानी की भारी किल्लत हो गई है, फिर भी हम मानते नहीं, खासकर ज्यादातर भारतीय। तो, लगातार रॉकेट की स्पीड से आबादी बढ़ाते ही चले जा रहे हैं। भलेइ ही करोड़ां भारतीय सड़कों पर जिंदगी बसर करते हो, खाने को पर्याप्त और पौष्टिक भोजन न मिलता हो, लेकिन बच्चा पैदा करने की फैक्ट्री बने हुए हैं। दूसरा हैंडवाश से हांथ धोने के बेसिन के पास दो तौलिए लटकाने की जरूरत पड़ती है। ऐसा इसलिए कि एक तौलिया गंदा हो जाये तो पानी से गीले हांथ को सुखाने के लिए दूसरी तौलिए का इस्तेमाल किया जा सके। लेकिन, अल्कोहल आधारित सैनिटाइजर का इस्तेमाल करने पर तौलिया रखने की समस्या से निजात मिल जाता है। तीसरा मोबाइल पर बहुरंगी वीडियो पर लुफ्त उठाने के लिए खूब समय मिलता रहे, लेकिन हांथों की सफाई का सबसे अच्छा साधन है औषधियुक्त हैंडवाश। क्योंकि हांथों पर रखते ही इससे बहुत अधि क मात्रा में झाग पैदा हो जाता है जो हांथों की समुचित सफाई के लिए जरूरी है। झाग को अच्छी तरह से दोनो हांथों पर लगाये और अंगुलियों की बीच की पोर तथा नाखूनों के भीतर तक दोनों हांथों से मिला-मिलाकर कम से कम 15-20 सेकेंड तक रगड़े और तब साफ पानी से हांथ धोकर सूखी तथा साफ तौलिया से पोछ ले।

शौच करने के बाद और भोजन करने के पहले हांथ जरूर ध ोए; खेलने के बाद बच्चे हांथ जरूर धोए; किसी गंदी वस्तु को छूने, उठाने और रखने के बाद हांथ अवश्य धोएं; गाय, भैंस और बैल का गोबर तथा घोड़े, ऊँट और बकरी का विष्ठा उठाने के बाद हांथ अवश्य धोएं; किसी बीमार की खिदमतगारी करने के बाद हांथ जरूर धोएं; पालतू जानवरों के साथ मन बहलाने के बाद हांथ अवश्य धोएं; इत्यादि।

★ **शाकाहार कोरोना से निपटने में कारगर है :-** इंसान को स्वभाविक रूप से शाकाहारी होना चाहिए, क्योंकि

कोरोना वायरस से किस उम्र में कितना खतरा

आय वर्ग	-	मृत्यु दर
0-9	-	0.2%
9-10	-	0.3%
20-29	-	0.4%
30-39	-	2.0%
50-59	-	2.6%
60-69	-	3.4%
70-79	-	7.6%
80-89	-	14.5%

पूरा मानव शरीर शाकाहारी भोजन के लिए बना है। वैज्ञानिक भी इस तथ्य को मानते हैं कि मानव शरीर का सम्पूर्ण ढ़ांचा दिखता है कि आदमी को मांसाहारी नहीं होना चाहिए। डार्बिन के सिद्धांत के अनुसार आदमी बंदरों से आया है और बंदर पूर्ण शाकाहारी होते हैं। अगर डार्बिन सही हैं तो इंसानों को शाकाहारी ही होना चाहिए। जांच करने का सही तरीका आदमी और मांसाहारी जानवरों के आंतों की लम्बाई पर निर्भर करता है। मांसाहारी पुरूषों के पास बहुत छोटी आंत होती है, जैसे-बाघ, शेर, तेंदुआ, चीता, इत्यादि। क्योंकि मांस को पचाने के लिए लंबी आंत की जरूरत नहीं पड़ती है। आदमी की आंत सबसे लंबी होती है, क्योंकि उसे लंबी पाचन क्रिया की जरूरत है और उसके शरीर में अधिक मात्रा में मल-मूत्र बनता है, जिसे बाहर निकालना होता है। इसका मतलब है कि इंसान शाकाहारी है, लेकिन यदि आदमी मांस खाता है तो अधिक मात्रा में मलमूत्र नहीं बनता, जिससे शरीर बोझिलइ हो जाता है। फिर लंबी आंत होने के कारण लंबे समय तक आंतों में मांस सड़ता रहता है, जिससे वायरस से संक्रमित होने की आशंका ज्यादा रहती है। इसलिए इंसानों को शाकाहारी भोजन करना चाहिए। इससे साबित हो जाता है कि भारतीय भोजन को अपनाने से कोरोना या किसी अन्य वायरस से निपटने में सहायता मिलती है। इसलिए वैज्ञानिक कहते हैं कि कोरोना के संक्रमण से बचने के लिए इंसान को मांसाहार त्याग देना चाहिए और शाकाहार अपना लेना चाहिए।

वैज्ञानिक शोधों में भी यह बात सामने आयी है कि मांसाहारी व्यक्ति के मुकाबले शाकाहारी व्यक्ति अधिक शक्तिशाली होता है तथा मासांहारी व्यक्ति के मुकाबले शाकाहारी व्यक्ति अधिक दिनों तक जीता है। अर्थात् मांसाहारी व्यक्ति के मुकाबले शाकाहारी व्यक्ति की उम्र अधिक लंबी होती है।

★ **कोरोना से सुरक्षित रखने और दूसरो को सुरक्षित रखने के उपाय :-**

क्या करें? :-

☞ हम सबों को उचित समय पर अच्छी तरह से हांथ धोने की आदत डालनी चाहिए।

☞ किसी भी वायरस के संक्रमण से बचने का सबसे अच्छा उपाय है साफ-सफाई। विशेषकर, अस्तपतालों को तो साफ-सुथरा रखना ही चाहिए। लेकिन, हमारे देश में खासकर बिहार में अस्पतालों की हालत बहुत ही दयनीय है। यानि अस्पताल जगह-जगह पर गंदगी से इतने पटे हैं कि वहां स्वस्थ आदमी भी बीमार पड़ जाये। लेकिन, अस्पताल और अस्पताल के परिसर; घर के किचेन और बाथरूम; सब्जी और फल बाजार तथा मांस-मछली के बाजार; रेलवे स्टेशन, बस अड्डा और हवाई अड्डा; पोस्ट ऑफिस तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर साथ-सुथरा रखने की जिम्मेदारी केवल सरकार की ही नहीं है। एक जिम्मेदार नागरिक की दृष्टि से देखे तो हमारी भी बनती है। इसलिए हम सभी को सरकार के साथ मिलकर यह जिम्मेदारी कंधे से कंधा मिलाकर निभानी चाहिए।

☞ जो लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हैं, उन्हें मास्क पहनना चाहिए। लेकिन, मास्क पहनने के पहले चेहरे को साबुन से अच्छी तरह धो ले। मास्क को बार-बार न छुए। कोशिश करे कि पास में आठ-दस मास्क हो। एक ही मास्क का इस्तेमाल दोबारा न करे। एक मास्क का अधिक से अधिक छ: से आठ घंटे तक ही करें। जब मास्क बदले, उसका निष्पादन ऐसी जगह करें कि जिससे कोई दूसरा व्यक्ति संक्रमित न हो।

☞ जो लोग कोरोना वायरस से संक्रमित है, उनसे कम से कम एक मीटर की दूरी बनाये रखे। यदि वह खांस या छिक रहा हो तो उससे चार मीटर दूर हो जाये। क्योंकि खांसते और चिखते वक्त मुंह से ढ़ेर सारे पानी की नन्ही-नन्ही बुंदकियां निकलती है जो स्वस्थ व्यक्ति के संक्रमित होने की वजह बनती है।

☞ अगर आप मॉल या बड़ी दुकान में जाकर ढ़ेर सारी खरीददारी कर रहे हैं तो डिजीटल पेमेंट करने की कोशिश करे, कैश का लेन-देन यथासंभव कम से कम करे।

☞ खांसते अथवा छिकते समय टिसू पेपर या रूमाल का इस्तेमाल करे और इस्तेमाल किये गये टिसू पेपर को कुड़ेदान में ही फेंक दे।

☞ एक-दूसरे का अभिवादन हांथ मिलाने के बजाय, हांथ जोड़कर नमस्ते करके कहे। यदि टिसू पेपर न हो तो बाजू का इस्तेमाल करे।

☞ विदेश यात्रा से लौट रहे हैं और शरीर में बदलाव महसूस कर रहे हैं तो तुरंत स्थानीय स्वास्थ विभाग को सूचित कर जानकारी दे और इलाज कराये।

☞ लिफ्ट के बटन का इस्तेमाल चौबिसों घंटे ढ़ेर सारे लोग करते रहते हैं। जरूरी नहीं है कि सभी की अंगुली साफ हो इसलिए लिफ्ट का बटन दबाने के लिए अंगुली के बजाये पेन का इस्तेमाल करे।

☞ अगर आपको बुखार, खांसी और सांस लेने में कठिनाई हो रही है तो तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क करें। डॉक्टर से मिलने के दौरान अपने मुंह पर मास्क लगाये रखे।

☞ यदि आपने कोरोना का लक्षण दिखे तो तुरंत बिहार में टॉल फ्री नंबर **104** अथवा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय टॉल फ्री नंबर **+91-11-23978046** पर सम्पर्क कर सकते हैं, जो चौबिसों घंटे उपलब्ध रहता है।

☞ किसी भी कोरोना संक्रमित व्यक्ति के सम्पर्क में आने के बाद हांथ और मुंह को साफ पानी से अच्छी तरह धो लें।

☞ तौलियां या अंदर पहने जाने वाले वस्त्र (अंडर गार्मेन्ट्स) जैसे-गंजी, कछिया, मोजा, आदि अपने-अपने इस्तेमाल में लाये।

☞ टूथब्रश, कंघी, इत्यादि भी अपने-अपने प्रयोग में लाये।

☞ वाश बेसिन में नाक और गला साफ करने के बाद तुरंत पानी गिराकर साफ कर दे।

☞ घर में पालतू जानवर हो तो यथासंभव उससे दूरी बनाये रखे। जब भी कोई पालतू जानवर, जैसे कोई कुत्ता किसी व्यक्ति के किसी अंग पर अपनी जिभ फेरे या लार लगा दे, तो उस अंग को औषध ीयुक्त हैंडवाश से जरूर धोएं।

☞ कोरोना के मरीज और स्वस्थ व्यक्ति के कपड़े झाड़ने वाला ब्रश भी अलग-अलग होना चाहिए।

☞ परिवार के किसी भी व्यक्ति के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की सूरत में उनका देखभाल करने वाले व्यक्ति भी संक्रमण के शिकार हो सकते हैं। इसलिए कोरोना वायरस से संक्रमित व्यक्ति से हमेशा कम से कम एक मीटर की दूरी बनाये रखे। वायरस से संक्रमित मरीज को छिक आने की सूरत में सामने खड़े व्यक्ति बचने का विशेष प्रयास करे। कोशिश करे कि संक्रमित व्यक्ति को अलग एक रूम में रखेऔर कमरे में रखने के पहले रूम को अच्छी तरह से सैनिटाइज्ड कर ले।

☞ कोरोना से संक्रमित व्यक्ति के इस्तेमाल में आये चादर, तौलियां, तकिया का खोल, रूमाल, गंजी, कछिया, मोजा, इत्यादि सभी कपड़ों को रोज बदले और उसके इस्तेमाल में आये सभी कपड़ों को अलग धोएं। कभी भी स्वस्थ व्यक्ति के कपड़ों के साथ न धोएं।

☞ कोरोना के मरीज को अनाज और सब्जी भी धोने के बाद अच्छी तरह से पकाकर खाने को देना चाहिए।

☞ कोरोना के मरीज को पूर्ण आराम करना चाहिए।

☞ कोरोना के मरीज को हल्का मगर सुपाच्य, पौष्टिक तथा ताजा भोजन कराना चाहिए।

☞ कोरोना के मरीज को खाने के पहले और खाने के बाद औषधि युक्त हैंडवाश से हांथ को अच्छी तरह धोना चाहिए। शौच के बाद मरीज को हैंडवाश से हांथ धोना चाहिए।

☞ कोरोना के मरीज के विस्तर के चारों कोनों पर नीम की ताजी पत्तियों के गुच्छे रखना चाहिए। मरीज के कमरे के दरवाजे के दोनो ओर नीम की ताजी पत्तियों के गुच्छे को टांग देना चाहिए नीम की पत्तियों को नित्य ताजी पत्तियों से बदलते रहना चाहिए। दरअसल, नीम की पत्तियों में नीमबिन नामक रसायन मौजूद

रहता है, जिसकी गंध वायरस और बैक्टेरिया को पसंद नहीं आती है, इससे वायरस मरीज से दूर भाग जाते हैं।

☞ कार्यस्थल को स्वच्छ रखे। कार्यस्थल पर औषधियुक्त हैंडवाश या अल्कोहल आधारित सैंटिलाइजर और टिसू पेपर अवश्य रखे।

☞ हर व्यक्ति को अपने पास कुछ ज्यादा ही टिसू पेपर रखना चाहिए। जिससे कि खांसी या जुकाम की स्थिति में अपने साथी को उपलब्ध करा सके।

☞ कार्यस्थल पर रोजाना उपयोग में आने वाली वस्तुएं, जैसे- कम्प्यूटर का की-बोर्ड, माउस आदि को साफ करने के बाद ही काम प्रारंभ करे।

☞ यदि संभव हो तो सहकर्मी को फोन या मेल की जरीय घर से काम करने की सुविधा दे सकते हैं तो अवश्य दें।

☞ यथासंभव घर के बने गर्म, ताजा, सुपाच्य और पौष्टिक भोजन का सेवन करे। भोजन में मिर्च, गोलमिर्च और अदरख को शामिल कर लें।

☞ थोड़ी-थोड़ी देर पर गर्म पानी पीते रहे।

☞ कोरोना से संक्रमित होने के भय से उत्पन्न तनाव की स्थिति में स्वस्थ जीवनशैली का पालन करे। पर्याप्त नींद, खान-पान और सूक्ष्म व्यायाम करे। मन बहलाने के लिए फोन और ई-मेल के जरीये लोगों से सम्पर्क कर सकते हैं।

★ **क्या न करें?:-**

☞ अपनी आँखों, नाक, मुंह और चेहरे को छूने से यथासंभव बचे। कई लोगों की आदत होती है कि वे बार-बार चेहरे को छूते हैं। हांथ की अंगुली के नाखून को दांत से काटते हैं। नाक में अंगुली डालते रहते हैं और करेंसी नोट को गिनते समय अंगुली को जिभ में बार-बार सटाते रहते हैं।

☞ सार्वजनिक स्थान पर बिल्कुल ही नहीं थूके। नाक से बहने वाले पानी, बलगम और थूक को जगह-जगह न फैलाये।

☞ यदि कोरोना वायरस से संक्रमित हैं तो एंटिबायोटिक दवाओं का सेवन न करें, क्योंकि एंटीबायोटिक दवाओं का वायरस पर कोई असर नहीं होता है।

☞ यथासंभव भीड़ वाले इलाकों में जाने से बचे।

☞ मांसाहार को त्याग दे। यदि आदत के गुलाम हैं तो चिकेन और अंडा के बजाये ताजा मटन और मछली का सेवन कर सकते हैं। लेकिन मांस और मछली अच्छी तरह से पके होने चाहिए। मटन खाने के बाद उसके बहुत ही छोटे-छोटे टुकड़े



अक्सर दांतों के बीच फंस जाते हैं, इसलिए मटन खाने के तुरंत बाद दो दांतों के बीच फंसे मांस के टुकड़े को टूथपिक (दंतखोदनी) से निकालकर मुंह को साफ अवश्य कर लें।

☞ यदि बीमार हैं तो किसी भी भीड़-भाड़ वाले स्थान पर जाने से परहेज करे। यदि शामिल होना जरूरी हो तो मास्क लगाकर शामिल हो। खांसी और जुकाम की स्थिति में जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल हेतु टिशू पेपर अवश्य रख लें।

☞ कोरोना वायरस ठंढ़ के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। लिहाजा, ठंडी चीजे, जैसे-आईसक्रीम और कुल्फी खाने से तथा कोल्डड्रिंक पीने से परहेज करें।

☞ हांथ कई अंगों तथा वस्तुओं के सम्पर्क में बार-बार आता रहता है और हर बार हांथों का सैनिटाइजेशन करना अथवा हैंडवाश से धोना संभव नहीं है। इसलिए बार-बार आंख, नाक और मुंह को छुने से बचे, अन्यथा कोरोना वायरस हांथ के माध्यम से शरीर के अंदर प्रवेश कर सकता है।

☞ कोरोना के संक्रमण के भय से तनाव पैदा होना लाजमी है। लेकिन तनाव से निपटने के लिए दवाओं, धूम्रपान और शराब का सेवन न करे। ज्यादा तनाव की स्थिति में काउंसलर की मदद ले सकते हैं।

✯ रोगों से मुक्ति का अद्वितीय साधन है यज्ञ :- बैक्टेरिया और वायरस जनित किसी भी बीमारी से मुक्ति का अद्वितीय साधन है यज्ञ। यज्ञ की सबसे बड़ी विशेषता है कि जहां भी नियमित रूप से यज्ञ किया जाता है, वहां के आसपास के वातावरण को रोग पैदा करने वाले बैक्टेरिया और वायरस से मुक्त कर देता है। इससे लोगों की सेहत पर रोग फैलाने वाली बैक्टेरिया और वायरसों से हानि पहुंचने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है। आज लोग सार्वधिक परेशान हैं, एलर्जी से। हर व्यक्ति को किसी न किसी चीज से एलर्जी है, चाहे कोई खाने वाल पदार्थ हो या पीने वाला पदार्थ हो या शरीर में लगाने वाला कोई पदार्थ हो या कोई गंध वाला पदार्थ हो या धूलकण। इसलिए आज 90% लोग किसी न किसी बीमारी से ग्रस्त रहने लगे हैं। ऐसे में रोगों से मुक्ति का अद्वितीय साधन है यज्ञ। आज यदि पूरे विश्व से मनुष्यों द्वारा मांसाहार समाप्त हो जाये और प्रत्येक घर में नित्य या थोड़े-थोड़े अंतराल पर यज्ञ किया जाने लगे तो पूरी दुनियां में अस्पतालों की संख्या नगण्य हो जायेगी। दरअसल, यज्ञ का उद्देश्य ही है जीवन को रोगमुक्त कर सुख और शांतियुक्त आनंदमय बना देना।

✯ बीमारी के मुख्य कारण :- बीमारी के निम्नलिखित मुख्य कारक है-

☞ सफाई की कमी।

☞ प्रदूषित वातावरण।

☞ तामसिक भोजन। जिसमें मांसाहार सबसे अधिक रोगाणुओं को फैलाने का काम करता है। मनुष्य का आहार-विहार जितना प्राकृतिक और सात्विक होगा, उनका जीवन उतना ही स्वस्थ और सुखमय होगा।

☞ आधुनिक जीवन पद्धती। जिसमें सुबह देर से जगना, रात में देर से भोजन करना और रात में देर तक जगे रहना। अधिक समय तक मोबाइल और टीवी से चिपके रहना।

☞ शारीरिक श्रम न करना।

☞ नियमित व्यायाम न करना।

☞ रात में भोजन करने के बाद कुछ देर न टहलना।

☞ स्वाध्याय न करना।

☞ मन को खुशी बनाने के अवैज्ञानिक कुछ नये अनुसंधान करके प्रकृति से छेड़छाड़ करते रहना।

☞ यज्ञ न करना।

☞ जनसंख्या विस्फोट। ऐसा इसलिए कि बेतहाशा बढ़ती आबादी ने जीवन जीने के हर ताना-बाना को छिन्न-भिन्न कर दिया है।

✯ वायरसजन रोगों से मुक्ति का अद्वितीय साधन है यज्ञ :- किसी भी वायरस को रोकने के लिए जरूरी है हवा, पानी और जमीन स्वच्छ बनी रहे। लेकिन, जबसे विश्व में यज्ञ परंपरा समाप्त हुई है तभी से पूरे विश्व में अनेक प्रकार के शारीरिक और मानसिक रोग बढ़ गये हैं। इसलिए वेदों में यज्ञ का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। यज्ञ द्वारा सभी बीमारियों को दूर करने का विधान है। इसलिए चिकित्सा पद्धती के रूप में यज्ञ का भी प्रयोग किया जाता रहा है। इससे क्या-क्या लाभ हो सकते हैं, इस विषय पर अनेक अनुसंधान समय-समय पर होते रहे हैं। उत्तराखण्ड के हरिद्वार स्थित पतंजलि योग संस्थान, बिहार के मुंगेर स्थित योग संस्थान, अमेरिका के वाशिंगटन डीसी शहर स्थित फाईव फील्ड पाथ नामक संस्थान ने अग्नियोत्री युनिवर्सिटी स्थापित करके, ब्रिटेन और जर्मनी स्थित योग संस्थानों आदि जगहों पर यज्ञ से जुड़े अनुसंधान कार्य किये गये हैं और आज भी किये जा रहे है।

✯ रोगों से कैसे मुक्ति दिलाता है यज्ञ? :- एक छोटी सी लाल मिर्च को जब सूंघा जाये तो कुछ महसूस नहीं होता है, लेकिन जलने पर इसकी तीक्ष्ण गंध का प्रभाव वातावरण में दूर-दूर तक पहुंचकर सभी को छिंक-खांसी से परेशान कर देती है। इसी प्रकार धूप यानि धूप की लकड़ी, गाय का घी, गुगूल, धोना, कपूर आदि मिलाकर तैयार की गई हवन सामग्री को जब हवन कुंड में डाला जाता है तो हवन कुंड में डाला गया ये हवन सामग्री आग में जलकर उनकी गंध आसपास के वातावरण में पैदाकर वातावरण को स्वच्छ, शुद्ध, रोगमुक्त और पवित्र बना देती है। रोग नाशक गुण से युक्त गंध श्वसन द्वारा शरीर में प्रविष्ट कर रोग के किटाणुओं के विरूद्ध अपना कार्य करके उन्हें नष्ट कर देती है, जिससे रोगी स्वस्थ हो जाता है। दरअसल, प्रकृति का यह नियम है कि जब कोई पदार्थ आग में डाला जाता है तो उसका नाश नहीं होता। उस पदार्थ का गुण उसकी गंध के रूप में कई गुणा प्रभावी बनकर आसपास के वातावरण में फैल जाता है, जो वातावरण में मौजूद विषैले किटाणुओं को मारने या भगाने का काम करती है। यज्ञ के हवन कुंड में डाले जाने वाले पदार्थ की गंध हवा में परिवर्तित होकर अतिसूक्ष्म होने के कारण वातावरण में तेजी से फैलकर अपनी शक्ति से वहां मौजूद विषैले रोगाणुओं को बहुत जल्दी क्षिन्न-भिन्न कर नष्ट कर देती है। हवन में प्रयोग होने वाली सामग्री को जलाने के लिए आम की लकड़ी की समिधा उत्तम होती है। जो लोग यज्ञ की विधि नहीं जानते हैं, उन्हें पुरोहित को बुलाकर साधारण यज्ञ की विधि सिखनी चाहिए, जिससे की प्रतिदिन अपने आप यज्ञ कर सके। यज्ञ, मंत्रोच्चारण के साथ-साथ करने पर काफी प्रभावी हो जाता है, क्योंकि हवन से उत्पन्न गंध को मंत्र की शक्ति का साथ मिल जाता है। कोई भी काम को अच्छे से करना चाहिए, इसलिए यज्ञ भी मंत्रोच्चारण के साथ करना चाहिए। वैसे बिना मंत्रों के भी हवन करने पर हवन कुंड से उत्पन्न गंध ऐसी विषैली गैसों को भगा देती है, जो मानव जीवन के लिए खतरा बन जाती है। इसलिए हर घर में सप्ताह में कम से कम एक दिन तो हवन किया जाना ही चाहिए। ●

(लेखक फायर एण्ड सेफ्टी विशेषज्ञ हैं।)
मो०:- 9334107607
वेबसाईट :www.psfsm.in

✯ राम ने श्याम को माँ-बहन की गाली दी एवं हिजड़ा भी कहा, जिसके परिणाम स्वरूप श्याम ने उसे अगले दिन गोली मार दी तो क्या उसके खिलाफ हत्या का मामला चलेगा या अपराधिक मानव वध का?

राम के खिलाफ हत्या का मुकदमा चलेगा। वह यह तर्क नहीं दे सकता है कि उसने गुस्से एवं तीव्र प्रकोपण की वजह से राम को गोली मारा है। प्रकोपण एक बाहरी आचरण है, जो आत्मनियंत्रण को खो देने के रूप में परिणामित कर सकता है। जिसका मापन चतुर्दिक परिस्थितियों के आधार पर किया जाना चाहिए। प्रकोपण इस प्रकृति का होना चाहिए जो की ना केवल किसी आवेगी, शीघ्र क्रोधित होनेवाले व्यक्तियों या अति संवेदनशील व्यक्तियों बल्कि एक शांत प्रकृति और सामान्य भाव के व्यक्ति को भी क्रोधित कर दे। भारतीय दंड संहिता की धारा 300 के अपवाद (1) के अंतर्गत गंभीर और अचानक प्रकोपण का निर्धारण तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर किया जाना चाहिए। राम के द्वारा श्याम को माँ-बहन की गाली देना तथा उसे हिजड़ा कहने के बाद श्याम द्वारा अगले दिन सोच-विचार करके सुनियोजित तरीके से उसे गोली मारना यह इशारा करता है कि श्याम ने पूरे सोच-विचार करके राम की हत्या की है। इसलिए श्याम तीव्र आवेग और अचानक प्रकोपण का लाभ भारतीय दंड संहिता की धारा 300 अपवाद (1) में प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होगा, क्योंकि उसकी मृतक की हत्या करने का आशय स्पष्ट पता चलता है, इसलिए उस पर हत्या का मुकदमा चलेगा।

✯ दहेज हत्या के एक मामले में सेशन जज ने दहेज हत्या 304 बी एवं हत्या 302 भारतीय दंड संहिता की धाराओं में आरोप गठन किया है, क्या यह सही है?

उच्चत्तम न्यायालय की एक खण्डपीठ ने 22 नवम्बर 2010 को दहेज हत्या संबंधी राजवीर एवं अन्य बनाम राज्य (2010) के एक मामले का निष्पारण करते हुए देश की सभी निचली अदालतों को निर्देश दिया है कि दहेज प्रताड़ना से हुई मौत के मामलों में वे मुदालय पर धारा 304 बी के साथ 302 हत्या के अपराध का भी आरोप गठन करे ताकि इस जघन्यत्तम अपराध के लिए उसे मौत की भी सजा दी जा सके।

यह महत्वपूर्ण आदेश न्यायमूर्ति मार्कण्डेय काटजू और न्यायमूर्ति ज्ञानसुधा मिश्रा की पीठ ने हरियाणा के दहेज हत्या के उक्त मामलें में सुनवाई के दौरान दिया है।

✯ क्या फुटपाथ पर अपना जीवन गुजर-बसर करने वाले गरीबों के आवास के लिए कोई कानून बनाया गया है?

फुटपाथ पर अपना जीवन बिताने वाले लोगों को आश्रय उपलब्ध कराना यह सरकार की जिम्मेदारी है। इसके लिए इंदिरा आवास योजना, रैन बसेरा इत्यादि कार्यक्रम सरकार के द्वारा चलाये जाते रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस संबंध में पिपुल्स युनियन फॉर सिविल लिबर्टीज बनाम भारत संघ (2001) की रिट याचिका संख्या 196/2001 पर दिये निर्णय में न्यायाल ने यह आदेश दिया है कि फुटपाथ पर रहने वाले लोगों को आश्रय देने की जिम्मेवारी सरकार की है। न्यायालय के कमिश्नर डॉ० एन.सी. सक्सेना और स्पेशल कमिश्नर हर्ष मंडल ने यह निर्णय 2 फरवरी 2010 को दिया था।

✯ क्या किसी मुकदमे को लड़ने से वकील मना कर सकता है?

सुप्रीम कोर्ट ने अधिवक्ता समुदाय को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण व्यवस्था दिया है कि वकील या उनके संगठन किसी अभियुक्त की ओर से न्यायालय में पेश होने से इंकार नहीं कर सकते हैं, भले ही वह आतंकी, बलात्कारी, हत्यारा या कोई अन्य क्यों न हो। इस तरह का कोई भी इंकार संविधान का, बार काउंसिल के मानकों का और भगवत् गीता के सिद्धांत का उल्लंघन होगा।

कानूनी सलाह
शिवानंद गिरि
(अधिवक्ता)

Ph.- 9308454485
7004408851
E-mail :-
shivanandgiri5@gmail.com

न्यायाधीश मार्कण्डेय काटजू और ज्ञानसुधा मिश्रा की पीठ ने अपने एक आदेश में इस बात पर चिन्ता व्यक्त किया की देश भर में बार एशोसिएशन और वकीलों द्वारा किसी न किसी कारण से अभियुक्तों की ओर से न्यायालय में पेश नहीं होने का चलन बढ़ रहा है।

न्यायमूर्ति की उक्त खण्डपीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा है कि पेशेवर आचार नीति की मांग है कि यदि मुव्वकील फीस देने को तैयार है तो वकील बहश से इंकार नहीं कर सकता। इसलिए बार एशोसिएशन का इस तरह का प्रस्ताव की उनका कोई भी साथी किसी खास अभियुक्त के मामले में न्यायालय में पेश नहीं होगा। संविधान, कानून और पेशेवर आचार नीति सभी मानदंडों के विरूद्ध तथा बार एशोसिएशन की महान परंपरा के भी विरूद्ध है, जो हमेशा किसी अपराध के लिए अपराधी का बचाव करने के लिए तत्पर रहती है। वर्ष 2007 में एक आन्दोलन के दौरान पुलिसकर्मियों और कोयंबटुर के वकीलों द्वारा एक-दूसरे के विरूद्ध दायर अपराधिक मामलों को निरस्त करते हुए खण्डपीठ ने उपर्युक्त व्यवस्था दिया है।

✯ न्यायालय की अवमानना के अपराध के लिए किस प्रकार के दंड का प्रावधान है?

न्यायालय की अवमानना के लिए कार्यवाही करने का प्रावधान सीआरपीसी की धारा 345 में है। सीआरपीसी की धारा 345 का कार्यवाही किए जाने के लिए अपराध किसी सिविल दंड या राजस्व न्यायालय की दृष्टिगोचरता या उपस्थिति में किया जाता है तब न्यायालय अभियुक्त के विरूद्ध संज्ञान ले सकती है तथा कारण दर्शित करने का मुदालय को अवसर देने के पश्चात आरोप सही पाने पर दो सौ रूपये से अनधिक जुर्माने से दंडित कर सकती है। न्यायालय को अपनी अवमानना के अपराध का संज्ञान करने तथा अभियुक्त को दंडित करने का अधिकार प्राप्त है।

✯ कमलेश कुमार एक होटल में एक कमरा किराये पर लेता है और एक महीने के किराये का अग्रिम भुगतान कर देता है, जब वह कमरे के अंदर जाता है तो एक नोटिस देखता है कि 'होटल का मालिक समान खो जाने या चोरी हो जाने के लिए जिम्मेवार नहीं होगा, जब तक की समानों को प्रबंधक के पास जमा नहीं कर दिया गया हो'। होटल के कर्मचारियों की लापरवाहियों के कारण कमलेश कुमार का समान चोरी हो जाता है तो क्या उस चोरी के लिए होटल के मालिक को जिम्मेवार बनाया जा सकता है?

होटल का मालिक कमलेश कुमार के समान की चोरी हो जाने के लिए जिम्मेवार माना जायेगा, क्योंकि नोटिस संविदा पूर्ण हो जाने के बाद दी गई थी और चोरी होटल के कर्मचारियों के लापरवाही का ही परिणाम था।



According to the India State of Forests Report (ISFR) 2019 the total forest and tree cover of India is 80.73 million hectares which accounts for 24.56% of the geographical area of the country. In comparison with ISFR 2017, there is an increase of 5,188 sq. km in the total forest and tree cover of the country[1]. India is taking credible strides for improving its ecology and the socio-economic conditions of the forest dependent population. Japan International Cooperation Agency (JICA) is providing its strong support to the sector for the last three decades and it's efforts are in line with the national target of Government of India of bringing 33% forest coverage in the country. In this context, JICA celebrated the International Day of Forests, in order to symbolize the impact created

by its forestry projects in India.

Since 1991, JICA has extended support for enhancing the afforestation, protection and conservation efforts of India through the Joint Forest Management (JFM) approach by granting Official Developmental Assistance (ODA) loans of 270 billion Japanese Yen (approximately INR 18,000 Crore) to the country. Projects are spread across Gujarat, Haryana, Himachal Pradesh, Karnataka, Tamil Nadu, Nagaland, Odisha, Sikkim, Rajasthan, Uttarakhand, West Bengal, Punjab, Uttar Pradesh and Tripura. Karnataka and Himachal Pradesh were among the top 5 states that increased their forest cover from 2018 to 2019, according to the India's State of Forests Report 2019[2]. JICA ODA supports a total plantation area of 3 million hectares (ha) in India. Speaking on the occasion of International Day of Forests, Mr. Katsuo Matsumoto, Chief Representative, JICA India "Forests play a crucial role in sustaining the health of the planet, as well as ensuring livelihoods of tribal and rural population that rely on these forests for resources. JICA is committed to ensure the wellbeing of these communities that rely on forests resources for their sustenance. Moreover, we are also providing support for

achieving SDG 13, which aim at taking urgent action to combat climate change and its impacts. Our vision is in line with the Government's priorities for India's forestry sector."

JICA has supported 29 projects (27 ODA loan projects across 14 states and 2 Technical Cooperation Projects (TCP), which include 1 ODA loan project targeting capacity development of front line staff at national level). Plantation activities under these JICA supported projects have covered close to 3 million hectares across 14 states. The increase in forest cover due to plantation activities has supported conservation of these forests' biodiversity as well as contributed to India's efforts to become greener and cleaner. Improvement of livelihood of forest-dependent communities is one of the focuses of JICA forestry projects. In line with the participatory approach of Joint Forest Management (JFM) adopted by the Government of India, the forest areas are jointly managed and protected by the local communities along with state forest departments. Under the projects, SHGs are also formed in every JFMC and the members have been provided access to microcredit and capacity development for undertaking Income Generation Activities. For instance, under Phase 1 of Odisha Forestry Sector Development Project (OFSDP), besides plantation activities, a total of 7,358 SHGs were formed and their businesses were scaled up to several cluster level enterprises to self-sustain and expand the scale of business It was followed by Phase 2 project (OFSDP-2) launched in 2017 that besides plantation activities targets to assist 3,600 SHGs in the area not covered by the Phase 1 while also focusing on soil-moisture conservation, bio-diversity conservation, climate change, mitigation of man-animal conflicts, introduction of new technology, etc. On International Day of Forests 2020, JICA strengthens its resolve to support India in restoration of forest thereby enabling healthier forestry practices for the rural and tribal populations of the country.



सामाजिक एवं बौद्धिक क्षेत्र में रोजगार का सुनहरा अवसर

केवल सच सामाजिक संस्थान और श्रुति कम्युनिकेशन ट्रस्ट अपने भविष्य के आगामी योजनाओं में सामाजिक एवं बौद्धिक सुधार के क्षेत्र में पुर्नजागरण के शंखनाद हेतु बिहार और झारखण्ड राज्य के मेधावी/सक्षम/योग्य/दक्ष एवं कर्मठ नवयुवकों को अपने टीम में वैतनिक/अवैतनिक रूप से जुड़ने के लिए अवसर प्रदान करना चाहती है। उक्त स्वयंसेवी संस्थान मुख्य रूप से 'अपना घर' (वृद्धाश्रम आवास योजना), परिवार परामर्श केन्द्र, शिक्षा का संक्षिप्त पाठ्यक्रम (मूल रूप से निर्धन/बेसहारा लड़कियों हेतु) और विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता कार्यक्रम पर ध्यान केन्द्रीत करना चाहती है। इन कार्यक्रमों से जुड़कर नवयुवक सामाजिक क्षेत्र में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। उक्त संगठन इसके लिए टीम वर्क के तहत कार्य करना चाहती है, जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय समन्वयक के अधीन वार्ड/ पंचायत/ प्रखण्ड/ अनुमण्डल/जिला समन्वयकों की नियुक्ति भी करना चाहती है। इस संस्थान से जुड़कर इच्छुक नवयुवक उक्त पदों पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं।

संस्थान

shruti कम्युनिकेशन ट्रस्ट

श्रुति कम्युनिकेशन ट्रस्ट

भारतीय ट्रस्ट अधिनियम 1882 के तहत संचालित

निबंधन संख्या : 22333/2008, आयकर निबंधित : 12 ए ए/2012-13/2549-52 | 80 जी (5)/तक०/2013-14/1073

केवल सच सामाजिक संस्थान

भारतीय सोसायटी एक्ट 21, 1860 के तहत निबंधित

निबंधन संख्या : 1141 (2009-10), आयकर निबंधित : 12 ए ए/2012-13/2505-8 | 80 जी (5)/तक०/2013-14/1060-63

www.shruticommunicationtrust.org

KEWAL SACH SAMAJIK SANSTHAN

www.ks3.org.in

Regd. Office:- East Ashok Nagar, House No.-28/14, Road No.-14, kankarbagh, Patna- 8000 20 (Bihar)
Jharkhand State Office:- **Riya Plaza, Flat No.-303, Kokar Chowk, Ranchi**
Mob.- 9431073769

Hotel Maurya
Patna

Hotel Maurya – Patna is a pioneer project of **Bihar Hotels Limited (BHL).** It is the only **Five Star** category hotel in the State of Bihar with friendly face of affordable luxury. BHL has been successfully operating its Five Star Hotel in Patna since **1978.** Situated in the heart of the city, Patna, the hotel reflects the **historic grandeur** of this city.

Corporate Facilities & Services: Centrally located in the Commercial heart of Patna the Hotel provides Intricately & elegantly designed rooms, Central Air- Conditioning, Direct dialing from rooms with call detail print-out facility, Satellite LED television, Choice of **Seven Convention Halls** of varied capacities, **Heritage rooms** for private dining , **Business Centre, Shopping Arcade, Bank facility, Travel counter, Swimming pool, Safe deposit lockers, Fitness centre & Wi-fi**, all within the hotel premises.

Dining:

- *Vaishali Café* - Walk-in for Breakfast and Business Buffet Lunches. The a-la-carte table offers a multi cuisine and buffet spreads to tinkle those taste buds.
- *Spice Court* – Restaurant serving Indian, Continental, Thai & Chinese cuisine.
- *The Pastry Shop* – Provides all kinds of Baker's confectionery viz; Mouthwatering cakes, Crossiants, Breads, Muffins etc. It also provides free home delivery of cakes of 6 pound onwards.
- *Bollywood Treats*- A matchless meeting point for Munchies, Music, TV shows, Pool Table, Games for kids. Thus, providing Masti not only for adults but also for kids.

Rooms:

- Step into an universe of old world nobility & colonial charm at the spacious VVIP suite of rooms, where your every demand for luxury is met in a manner that's perfected to please. What's more, it's accommodating enough to entertain an entourage of guests. Elegantly designed premium rooms with beautiful interiors and excellent facilities

Total Rooms: 77 – Double: 73, Suites: 04
Credit Cards: Visa, Master, Amex, Bob Cards
Access (in kms): Apt: (07), Rly. Stn.:(01)